Dainik Bhaskar, 26/02/2026, Thursday

बिट्स में औषधि खोज और वितरण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

पिलानी. अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन में उपस्थित वैज्ञानिक व अन्य।

पिलानी | बिट्स पिलानी के पिलानी परिसर स्थित फार्मेसी विभाग ने चैलेंजेज़ इन ड्रग डिस्कवरी एंड डिलीवरी विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजन किया। भारतीय फार्माकोलॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में वैश्विक मंच पर औषधि विज्ञान और शोध की नई दिशाओं पर चर्चा की।

यह आयोजन कुलपति प्रो. वी. रामगोपाल राव और पिलानी परिसर के निदेशक प्रो. सुधीर कुमार बराई के नेतृत्व में हुआ। सम्मेलन में भारत और विदेशों के वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, नीति-निर्माताओं और युवा शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप डॉ. गुर्रम हरीश कुमार, डॉ. ओंकार नाथ तिवारी, प्रो. प्रकाश वी. दीवान संस्थापक निदेशक, निपर हैदराबाद, डॉ. श्रीनिवासन रामचंद्रन पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सीरी, प्रो. हरलोकेश नारायण यादव एम्स, नई दिल्ली, वैश्विक और औद्योगिक दृष्टिकोण सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों डॉ. राजिया और प्रो. एस. एस. वासन ने विचार साझा किए।

उद्योग जगत से डॉ. अमित अरविंद जोहारापुरकर ने औषधि खोज पर व्याख्यान दिया। तीन दिनों तक चले इस सत्र में आधुनिक विज्ञान के विषयों पर मंथन हुआ। सम्मेलन का समापन अकादमिक और औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।